चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय


समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक 26.4.2019 पृष्ठ सं. ...6... कॉलम ...3-8...

# बच्चों में हेल्दी प्रतियोगिताओं का होना आवश्यक : डॉ. दहिया

## एचएयू में युवा उत्सव-2019 में हुई वाद-विवाद, कोलॉज मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, एक्सटेंपरी प्रतियोगिताओं का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो



एचएयू में अंतर महाविद्यालय युवा उत्सव के दूसरे दिन रंगोली बनातीं छात्राएं।



एचएयू में आयोजित क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय युवा उत्सव-2019 के दूसरे दिन वीरवार को युवाओं ने विभिन्न साहित्यिक एवं ललित कला प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। युवा उत्सव के दूसरे दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद, कोलॉज मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, एक्सटेंपरी आदि प्रतियोगिताएं प्रमुख रही। दूसरे दिन स्टूडेंट्स वेलफेयर डायरेक्टर डॉ. देवेंद्र दहिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

कोलॉज मेकिंग और क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिताएं ग्राफिक आर्ट्स सोसायटी के प्रेसिडेंट डॉ. अरुण कुमार भाटिया की देखरेख में हुईं, जबकि वाद-विवाद और एक्सटेंपरी प्रतियोगिताएं लिटरेरी सोसायटी की प्रेसिडेंट डॉ. अपर्णा की देखरेख में आयोजित की गईं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. दहिया ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों में हेल्दी प्रतियोगिताओं का होना अत्यंत आवश्यक है। किसी भी तरह की प्रतियोगिता बच्चों को स्वयं का आकलन करने और अपनी प्रतिभा में निखार करने का बेहतर अवसर प्रदान करती है। इसके अलावा इस तरह के आयोजन बच्चों के हर तरह के ज्ञान में वृद्धि करने के साथ उनमें आत्मविश्वास पैदा करते हैं। विद्यार्थियों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में शस्त्रीकरण की आवश्यकता, देशभक्ति, शिक्षा में संगीत और कला का स्थान, नारीवाद आदि विषयों के विविध पक्षों पर अपने विचार रखे तो दूसरी ओर उन्होंने क्ले मॉडलिंग व कोलॉज मेकिंग प्रतियोगिता में अपनी अद्भुत रचनात्मकता से दर्शकों को मोहित किया।

**आज होगा समापन :** तीन दिवसीय इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल-2019 का शुक्रवार को समापन होगा। समापन अवसर कार्यक्रम में चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेंगे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में पहले, दूसरे, तीसरे स्थान पर रहने वाले विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक भास्कर........

दिनांक 26.4.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-4

**एचएयू यूथ कॉन्क्लेव 2019: डिबेट, एसटैम्पेरेरी, ऑन द स्पॉट क्ले मॉडलिंग कम्पीटिशन हुए**

# कोलाज में दिखा मेक इन इंडिया तो पॉलिटिक्स में एजुकेशन की भूमिका पर स्टूडेंट्स ने रखे विचार

सिटी रिपोर्टर • ये जो मेरे अमद का असर होने लगा, लगता है मां की दुआओं का असर होने लगा। मगर यार ये दुश्मनी हम दोनों पर पर ही भारी पड़ी। रोटियों का खर्च तक बंदूक पर होने लगा... ये वो पंक्तियां थीं जिन्हें सुन खुद ब खुद एहसास हो जाए कि दुनिया कैसे हथियारों की दुनिया बनती चली जा रही थी। इन्हीं हथियारों से देश की अमन-शांति भंग होती है तो जरूरी है कि शांति के लिए हथियारों का उन्मूलन किया जाए। कुछ ऐसे ही विचारों को स्टूडेंट्स ने डिबेट कम्पीटिशन के दौरान रखे। एचएयू में चल रहे यूथ कॉन्क्लेव 2019 के दूसरे दिन डिबेट, कोलाज, एसटैम्पेरेरी, ऑन द स्पॉट क्ले मॉडलिंग कम्पीटिशन करवाए गए। इसमें स्टूडेंट्स ने कोलाज मेकिंग में मेक इन इंडिया को दिखाया तो वहीं तत्कालिक भाषण में एजुकेशन क्वालिफिकेशन इन पॉलिटिक्स, देशभक्ति और नारीवाद पर भी स्टूडेंट्स ने विचार रखे।







**मन के भावों को मिट्टी से दे दिया मां के स्वरूप को आकार** : क्ले मॉडलिंग के जरिए स्टूडेंट्स ने मन के भावों से मां के स्वरूपों को आकार देने का काम किया। क्ले मॉडलिंग के दौरान स्टूडेंट्स को अपनी क्रिएटिविटी दिखाने का मौका मिला।

## आज रंगोली, कार्टूनिंग और फोटोग्राफी विधाओं में होंगे कम्पीटिशन

इवेंट के तीसरे दिन रंगोली, कार्टूनिंग और फोटोग्राफी जैसी विधाओं में टैलेंट को दिखाने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही स्टूडेंट्स द्वारा बनाए गए पोस्टर और पेंटिंग्स को एग्जीबिट भी किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......पंजाब केसरी......

दिनांक 26.4.2019 पृष्ठ सं. ...4... कॉलम 1-4

# क्ले मॉडलिंग एवं कॉलाज मेकिंग प्रतियोगिता में छाए स्टूडैंट्स

हिसार, 25 अप्रैल (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतर्महाविद्यालय युवा-उत्सव 2019 के दूसरे दिन वीरवार को युवाओं ने विभिन्न साहित्यिक एवं ललित कला प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में वाद-विवाद, कॉलाज मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, एक्सटैंपरी आदि प्रमुख रहे। जहां एक ओर विद्यार्थियों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में शस्त्रीकरण की आवश्यकता, देशभक्ति, शिक्षा में संगीत और कला का स्थान, नारीवाद आदि विषयों के विविध पक्षों पर अपने विचार रखे तो वहीं क्ले मॉडलिंग व कॉलाज मेकिंग प्रतियोगिता में अपनी अद्भुत रचनात्मकता से दर्शकों को मोहित किया। उत्सव के अंतिम दिन रंगोली प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी। 3 दिन तक चले उत्सव में शुक्रवार को विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि इस उत्सव में एच.ए.यू., कौल और बावल सहित 6 कॉलेज के अलावा 2 यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी भी भाग ले रहे हैं।



*अंतर्महाविद्यालय युवा उत्सव 2019 में विभिन्न इवैंट में अपनी प्रतिभा दिखाते विद्यार्थी।*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक जागरण......
दिनांक 26.4.2019 पृष्ठ सं. ...17... कॉलम ...4-6...

# कोलाज बनाकर दिखाई रचनात्मकता

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित किए गए तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय युवा-उत्सव 2019 के दूसरे दिन युवाओं ने विभिन्न साहित्यिक एवं ललित कला प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

युवा उत्सव के दूसरे दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद, कोलाज मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, एक्सटैंपरी आदि प्रमुख रहे। जहां एक ओर विद्यार्थियों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में शस्त्रीकरण की आवश्यकता, देशभक्ति, शिक्षा में संगीत और कला का स्थान, नारीवाद आदि विषयों के विविध पक्षों पर अपने विचार रखे तो दूसरी ओर उन्होंने क्ले मॉडलिंग व कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता से दर्शकों को मोहित किया। बच्चों की कला देखा दर्शकों ने उन्हें खूब सराहा।



हकृवि में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय युवा उत्सव में कोलाज बनाते विद्यार्थी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......हरि. भूमि......
दिनांक 26.4.2019 पृष्ठ सं. ...14... कॉलम ...1...



## हकृवि में ललित कला प्रतियोगिताएं

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर महाविद्यालय युवा-उत्सव 2019 के दूसरे दिन युवाओं ने विभिन्न साहित्यिक एवं ललित कला प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। युवा उत्सव के दूसरे दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद, कॉलाज मेंकिंग, कले मॉडलिंग, एक्सटैंपरी आदि प्रमुख रहे। जहां एक ओर विद्यार्थियों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में शस्त्रीकरण की आवश्यकता, देशभक्ति, शिक्षा में संगीत और कला का स्थान, नारीवाद आदि विषयों के विविध पक्षों पर अपने विचार रखे तो दूसरी ओर उन्होंने कले मॉडलिंग व कॉलाज मेंकिंग प्रतियोगिता में अपनी अद्भुत रचनात्मकता से दर्शकों को मोहित किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मकता दिखाई और कल्पना के रंगों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर....
दिनांक 26.4.2019 पृष्ठ सं. ...1... कॉलम ...1...

## माटी से बनाई मूर्ति



हिसार | एचएयू में क्ले मॉडलिंग कंपीटिशन में मदरहुड सब्जेक्ट पर स्टूडेंट्स ने मां के ममता भरे स्वरूप को अपनी क्रिएटिविटी से मिट्टी के रूप में उकेरा। संबंधित खबर पेज- 2